हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

RERA No.: PCGRERA040925001965

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

A Project by:

Swarna Shikhar
3BHK SPLENDID APARTMENTS

घर का सपना सच करें

द ग्रैंड लक्जरी लिविंग एक्सपीरियंस

आपका इंतजार कर रहा है



ऊंचाई सिर्फ इमारत की नहीं होती
ऊंचाई तो उन सपनों की होती है
जो परिवार के साथ पूरे होते है

स्वर्ण शिखर

साईट एड्रेस
डीएलएस कॉलेज रोड, अशोक नगर,
सरकंडा बिलासपुर











Podium Garden | Plunge Pool | Decorative Entrance | Walking Track | Children's Play Area | 24x7 Water | Power Backup | Fire Safety | Lift | CCTV

DCT
REAL ESTATE DEVELOPERS

DCT REAL ESTATE DEVELOPERS

Red. Office: Behind High Court,
Chhatalund Road, Bilaspur (C.G.)

Contact for Site Visit & Booking:
6264883066, 7470886613

Website: dctrealestate.in

MODERN LIFESTYLE | PRIME LOCATION | TRUSTED DEVELOPER

खबर संक्षेप

मतदाता सूची और चुनाव प्रक्रिया को लेकर आप का प्रदर्शन, राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन



अकलतरा। कलेक्टोरेट कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन ने मंगलवार को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विभिन्न विभाग अंतर्गत लंबित समय सीमा के प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत 7 अक्टूबर को जिला स्तर पर भव्य बाईक रैली और रंगोली कार्यक्रम का आयोजन सुनिश्चित कराए जाने के निर्देश दिए हैं। समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने शासन के निर्देशानुसार जिले में 1 से 7 अक्टूबर के मध्य आयोजित होने वाले सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार कार्यक्रम अंतर्गत शिविर आयोजन की गांव गांव व शहर शहर जमीनी स्तर पर मुनादी कराए जाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने शिविर आयोजन स्थलों पर उचित बैठक व्यवस्था, हेल्थ शिविर, ब्लड डोनेशन कैम्प सहित अन्य विभागीय स्टॉल लगाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा महानदी में बढ़े जल स्तर से जिले के प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने प्रभावित क्षेत्रों में राजस्व एवं संबंधित विभागों के अमले के माध्यम से सर्वे कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव अथवा बाढ़ से प्रभावित लोगों के नुकसान का मौके पर जाकर आकलन किया जाए तथा पात्र प्रभावितों के आरबीसी 6-4 के तहत प्रकरण दर्ज कर नियमानुसार राहत राशि का लाभ दिलाने की कार्रवाई त्वरित सुनिश्चित की जाए।

पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 को, विभिन्न विषयों पर होगी चर्चा

अकलतरा। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक आगामी 5 अक्टूबर, सोमवार को प्रातः 10 बजे बलौदा रोड स्थित पेंशनर भवन में आयोजित की जाएगी। बैठक में पेंशनधारियों से संबंधित विभिन्न विषयों सहित संघ की आगामी गतिविधियों पर चर्चा की जाएगी। संघ के प्रांतीय महासचिव रतनलाल कैवर्त ने संघ के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों से बैठक में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया है।

चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता : मीरा केंवट को बीईओ ने किया सम्मानित



पामगढ। सेवा संकल्प अभियान के तहत विकास खण्ड स्तरीय स्कूली बच्चों का चित्रकला और भाषण प्रस्तुतीकरण प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला गजपुरवापारा से कक्षा 5 वी की छात्रा मीरा केंवट ने भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी रमेन प्रसाद जोशी के द्वारा शिल्ड भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से बीआरसी भर्तृहरि सर, सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी राकेश सोनी, सुचिता भोषले, सेजेस पामगढ़ के प्राचार्य राजकुमार बंजारे ,हाईस्कूल मेंहदी के प्रचार अनंत सर, प्राथमिक शाला गजपुरवापारा से प्रधानपाठिका गनेशी बंजारे उपस्थित रहे।

छूटे एवं नए मतदाताओं को जोड़ने घर-घर जाकर बीएलओ कर रहे एंट्री

जांजगीर-चांपा। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में, राज्य में छूटे हुए एवं नए पात्र युवा मतदाताओं के पंजीकरण हेतु एक विशेष अभियान चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य छूटे हुए पात्र नागरिकों के साथ-साथ ऐसे युवा एवं पहली बार पात्र बने मतदाताओं के नाम जोड़ने की प्रक्रिया को सुगम बनाना है, जिनके नाम अब तक मतदाता सूची में शामिल नहीं हो पाए हैं। यह कार्य बीएलओ द्वारा घर-घर भ्रमण कर मतदाता सूची के निरंतर अद्यतनीकरण की प्रक्रिया के अंतर्गत किया जाएगा। मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करने के लिए मोबाइल एप्प या के माध्यम से आवेदन कर सकते है।

जनप्रतिनिधियों और विभिन्न वर्ग के लोगों ने मुलाकात कर रखी मांग

रेल महाप्रबंधक ने चाम्पा स्टेशन में अमृत भारत मिशन के विकास कार्यों का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

अमृत भारत मिशन के अंतर्गत चाम्पा रेलवे स्टेशन मे प्रथम फेज का कार्य पूरा हो गया है और 8 करोड़ रुपये की लागत से विकास कार्य किए गए हैं। विकास कार्यों जायजा लेने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम तरुण प्रकाश 1 अक्टूबर को चाम्पा पहुंचे। उन्होंने स्टेशन में यात्री सुविधा और स्वच्छता के साथ तकनीकी सुविधा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद जीएम से स्थानीय विधायक व्यास कश्यप समेत जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगो ने मुलाक़ात कर अपनी-अपनी मांगें रखी।

रेलवे महाप्रबंधक तरुण प्रकाश 1 अक्टूबर को रेलवे के टेक्निकल स्टॉफ के साथ चाम्पा रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने निरिक्षण कर यात्री सुविधाओं के साथ सुरक्षा और निर्माण कार्यों का जायजा लिया। रेलवे जीएम से जांजगीर- चाम्पा विधायक व्यास कश्यप और जनप्रतिनिधियों ने भी मुलाक़ात की। उन्होंने यात्री ट्रेनों की लेतलतीफ को दूर करने की मांग करते हुए चाम्पा और जांजगीर नैला स्टेशन मे सुपर फास्ट ट्रेनों को रोकने की मांग की। विधायक ब्यास कश्यप ने नैला से आरओबी बनाने के लिए किए गए आंदोलन की जानकारी दी। साथ ही इस दिशा में पहल नहीं होने के कारण अब फिर से आंदोलन करने की चेतावनी दी। रेल्वे महाप्रबंधक को मांगों का ज्ञापन भी सौंपा गया।दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के जीएम ने आने वाले दिनों में यात्री सुविधाओं का विस्तार होने का भरोसा दिलाया।महाप्रबंधक के चांपा रेलवे स्टेशन पहुंचने पर क्षेत्रीय विधायक व्यास कश्यप के आलावा नपाध्यक्ष प्रदीप नामदेव, पूर्व नपा अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, सलीम मेमन, योगेश अग्रवाल, सुनील साधवानी , संतोष देवांगन, डॉ मूलचंद गुप्ता, शशिभूषण सोनी, संतोष देवांगन,योगेश अग्रवाल, मंगलचंद देवांगन, महेंद्र तिवारी, श्रीमति पुष्पा सिंह, मीरा पत्की सहित जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर मांग रखी। प्रतिनिधियों का कहना था कि इन ट्रेनों से कोरबा सहित आसपास के जिलों के यात्रियों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी । चांपा रेलवे स्टेशन ए-श्रेणी का महत्वपूर्ण जंक्शन हैं और सक्ती , जांजगीर-चांपा एवं आद्यौगिक क्षेत्र कोरबा जिले के यात्रियों के लिए प्रमुख रेल केंद्र हैं।



रेलवे परिसर की साफ सफाई करते जीएम।

स्टेशन परिसर में जीएम ने की सफाई

महाप्रबंधक के निरीक्षण के दौरान स्थानीय जन प्रतिनिधियों ने रेलवे परिसर में व्याप्त गंदगी और साफ-सफाई की स्थिति का मुद्दा भी उठाते हुए नियमित स्वच्छता व्यवस्था तथा सौंदर्यीकरण पर विशेष ध्यान देने की मांग रखी। इसके साथ ही स्टेशन के बाहर मुख्य मार्ग स्थित ओवरब्रिज के नीचे साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण कराने की ओर से मांग की गई। स्टेशन परिसर के बाहर सार्वजनिक शौचालय निर्माण की मांग भी रखी गई । स्वच्छ भारत योजना के तहत महाप्रबंधक ने रेल्वे स्टेशन के ठीक सामने स्वयं कुडा-करकट की सफाई करके लोगों को स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

महाप्रबंधक ने मजदूर के हाथों कराया बाल उद्यान का उद्घाटन

महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने स्वयं फीता काटने के बजाय वहां मौजूद एक रेल्वे कर्मचारी को बुलाकर नवीनीकृत बाल उद्यान का उद्घाटन करने का अवसर दिया। मजदूर जय प्रकाश यादव ने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो गई थीं और सभी की निगाहें महाप्रबंधक तरुण प्रकाश की ओर थीं। इसी बीच महाप्रबंधक ने उसका नाम और परिचय पूछा। जय प्रकाश यादव ने स्वयं को ब्रांच सेक्रेटरी, मजदूर कांग्रेस के रूप में परिचित कराया। इसके बाद महाप्रबंधक तरुण प्रकाश ने जय प्रकाश यादव को कैची देते हुए फीता काटकर नवीनीकृत बाल उद्यान का उद्घाटन कराया।

सकरेली-भागोडीह में अंडरब्रिज और बाराद्वार में आरओबी की मांग

सक्ती। रेल महाप्रबंधक तरूण प्रकाश का चांपा से रायगढ़ स्टेशन का दौरा कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसी क्रम में उन्होंने बाराद्वार स्टेशन का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान बाराद्वार स्टेशन में जनप्रतिनिधियों सहित आम नागरिकों ने उनसे मुलाकात की। जिला पंचायत सभापति आयुष शर्मा ने रेल महाप्रबंधक से मुलाकात करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा, जिसमें प्रमुख रूप से बाराद्वार स्टेशन में हीराकुंड एक्सप्रेस तथा दक्षिण बिहार एक्सप्रेस का ठहराव,सकरेली तथा भागोडीह में अंडर ब्रिज निर्माण, बाराद्वार में आर ओ बी निर्माण तथा जेठा स्टेशन में मेमू ट्रेन का ठहराव शामिल है। आयुष शर्मा के ज्ञापन पर जीएम ने सभी विषयों पर सार्थक चर्चा की तथा जल्द उन जगहों का अवलोकन करवाने की बात कही।

सुप्रीम कोर्ट से जैजैपुर विधायक को अंतरिम राहत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले के जैजैपुर विधानसभा से कांग्रेस विधायक बालेश्वर साहू के निर्वाचन के विरुद्ध छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट (बिलासपुर) में लंबित चुनाव याचिका की कार्यवाही पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाने (स्टे देने) से इनकार कर दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने सभी पक्षों के कानूनी तर्कों और दलीलों को खुला रखते हुए इस एसएलपी को पूर्व आदेश की तर्ज पर निस्तारित कर दिया। याचिकाकर्ता दिगंबर साहू के अधिवक्ता अभिनव श्रीवास्तव के मुताबिक जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के मतदाता दिगंबर साहू ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में चुनाव याचिका (इपी न. 05/2024) दायर कर आपराधिक मामलों के प्रकाशन से जुड़े नियमों के उल्लंघन के आधार पर बालेश्वर साहू का चुनाव शून्य घोषित करने की मांग की है। इस पर विधायक बालेश्वर साहू ने चुनाव याचिका की वैधता और अतिरिक्त दस्तावेजों को रिकॉर्ड पर लेने के आदेशों के विरुद्ध हाई कोर्ट में पुनर्विचार याचिका दायर की थी, जिसे हाई कोर्ट ने 30 जुलाई 2026 को खारिज कर दिया था। इसी आदेश के खिलाफ विधायक ने सुप्रीम कोर्ट का रुख कर कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। 30 सितंबर क़ो सुप्रीम कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान अदालत ने मामले में कोई अंतरिम रोक नहीं लगाई और स्पष्ट किया कि हाई कोर्ट में ट्रायल जारी रहेगा। अदालत ने दोनों पक्षों को अपने सभी तथ्य व साक्ष्य हाई कोर्ट के समक्ष ही रखने की छूट देते हुए याचिका समाप्त कर दी।



खास बात

- सभी दलीलें खुली रखते हुए याचिका निस्तारित

शिक्षा, साहित्य एवं समाज सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ज्योति हुईं सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शिक्षा, साहित्य एवं समाज सेवा के क्षेत्र में अपने नवाचारी प्रयासों और उल्लेखनीय योगदान के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुरदा , चांपा की व्याख्याता श्रीमति ज्योति सराफ को राज्य स्तरीय गुरु गौरव सम्मान- से सम्मानित हुई। यह सम्मान दर्शन बालोद , डेली बालोद न्यूज एवं एनटीसीएफ छत्तीसगढ़ के संयुक्त तत्वावधान में 27 सितंबर को बालोद स्थित कला केंद्र संगीत महाविद्यालय में राज्य स्तरीय गुरु गौरव सम्मान समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया।

शशिभूषण सोनी ने बताया कि आयोजित समारोह में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं नवाचारी कार्य करने वाले 152 शिक्षक-शिक्षिकाओं को



सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उर्जावान वाणिज्य विषय की शिक्षिका श्रीमति ज्योति सराफ को शिक्षा , साहित्य एवं समाजसेवा के क्षेत्र में उनके सतत योगदान के लिए गुरु गौरव सम्मान प्रदान किया गया। छत्तीसगढ़ स्वर्णकार समाज के केंद्राध्यक्ष जयदेव सोनी,संरक्षक कार्तिकेश्वर स्वर्णकार तथा मीनाक्षी सोनी, रजनी-सिद्धनाथ सोनी तथा नेहा अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त किया है।

सेवा सेतु अभियान शिविर में 267 आवेदन निराकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सेवा संकल्प अभियान 2026सेवा सेतु अभियान, सरकार आपके द्वार के तहत सेजेस सक्ती में वृहद शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 267 आवेदन का मौके पर किया गया।

इस मौके पर विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर आमजनों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ भी प्रदान किया गया। शिविर में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, टिकेश्वर गबेल, कलेक्टर श्रीमती जयश्री जैन, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण किया तथा आमजनों से संवाद कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं एवं योजनाओं की जानकारी दी। सेजेस सक्ती में आयोजित सेवा सेतु शिविर में कुल 329 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें 267 आवेदन का मौके पर निराकरण किया गया। इस मौके पर कलेक्टर जयश्री जैन ने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। शिविर में सभी विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। इसी क्रम में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल, उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने भी संबोधित करते हुए सभी लोगों को इस तरह आयोजित होने वाले शिविर में विभिन्न योजनाओं की जानकारी के साथ साथ योजनाओं की लाभ लेने की बात कही। शिविर में शाकम्भरी बोर्ड के सदस्य प्रेम पटेल, टिकेश्वर गबेल सहित विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन, जनपद पंचायत सक्ती सीईओ सीके आदिले, सीएमओ सक्ती प्रहलाद पाण्डेय, जिला प्रशासन एवं विभागीय अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्यकर्मी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि, स्व सहायता समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में आमजन एवं हितग्राही उपस्थित रहे।



शिविर में लोगों की जानकारी देते अधिकारी व जनप्रतिनिधि।

महात्मा गांधी की प्रासंगिकता विषय पर गोष्ठी आज

अकलतरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर प्रगति साहित्य समिति द्वारा आज 2 अक्टूबर को स्थानीय बगड़िया भवन में "वर्तमान समय में महात्मा गांधी की प्रासंगिकता" विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ होगा। गोष्ठी में महात्मा गांधी के विचारों, सत्य, अहिंसा, सामाजिक समरसता तथा वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में उनकी प्रासंगिकता पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे। प्रगति साहित्य समिति ने साहित्यप्रेमियों, बुद्धिजीवियों एवं नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में उपस्थित होकर गोष्ठी को सफल बनाने की अपील की है। आयोजित गोष्ठी में महात्मा गांधी के विचारों, सत्य, अहिंसा, सामाजिक समरसता तथा वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों में उनकी प्रासंगिकता पर वक्ताओं द्वारा विचार व्यक्त किए जाएंगे।

सक्ती पुलिस ने आदतन बदमाश को पकड़ा प्रतिबंधात्मक कार्रवाई के बाद भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

क्षेत्र में शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से सक्ती पुलिस ने आदतन अपराधियों और गुंडा-बदमाशों के खिलाफ अपनी निगरानी व कार्रवाई तेज कर दी है। इसी कड़ी में पुलिस ने हटरी चौक निवासी आदतन बदमाश राजकुमार उर्फ भोलू अग्रवाल के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाते हुए प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर उसे जेल भेज दिया है।

सक्ती पुलिस असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर सतत नजर रख रही है। आरोपी भोलू अग्रवाल के पूर्व आपराधिक रिकॉर्ड और लगातार असामाजिक आचरण को ध्यान में रखते हुए यह वैधानिक कार्रवाई की गई है। पुलिस ने आरोपी के आपराधिक अभिलेखों और वर्तमान परिस्थितियों के परीक्षण के आधार



पर उसके खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई का पृथक प्रतिवेदन तैयार कर सक्षम जिला दंडाधिकारी सक्ती के समक्ष प्रस्तुत कर दिया है। इस पर सक्षम प्राधिकारी द्वारा नियमानुसार आगामी निर्णय लिया जाएगा। सक्ती पुलिस ने कहा कि कानून-व्यवस्था प्रभावित करने या आपराधिक गतिविधियों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ आगे भी कठोर कानूनी कदम उठाए जाएंगे।

चित्रकला-भाषण प्रतियोगिता में 200 से अधिक बच्चों ने दिखाए हुनर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बलौदा में विकासखंड स्तरीय चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। इसमें 18-19 सितंबर को शाला स्तर पर चयनित प्रथम-द्वितीय प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के विषय स्वच्छ भारत, डिजिटल इंडिया, सेना का शौर्य, विकसित छत्तीसगढ़ और विकसित भारत रहे। 200 से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

भाषण प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रथम अमरेन्द्र शासकीय प्राथमिक शाला कॉलोनीगंज पंतोरा, द्वितीय शुभ पटेल शनिचराडीह,



तृतीय रिया नवीन प्राथमिक बुढ़ना व रीना देवांगन कन्या प्राथमिक सिवनी च, माध्यमिक स्तर पर प्रथम भैरव देवांगन बालक पूर्व माध्यमिक सिवनी च, द्वितीय सृष्टि पाटले बुड़गहन, तृतीय अदिति कंवर पहरिया एवं जागृति बिंझवार करमा, हाई/हायर सेकंडरी स्तर पर प्रथम योगिता पाटले जावलपुर, द्वितीय स्नेहा यादव सिवनी च, तृतीय दामिनी देवांगन कन्या हायर सेकंडरी बलौदा रहीं।चित्रकला प्रतियोगिता में प्राथमिक स्तर पर प्रथम रितिका यादव कोरबी, द्वितीय नंदिता कंवर शनिचराडीह, तृतीय अंश कुर्रे बहेरापाली खैजा, माध्यमिक स्तर पर प्रथम निशी कुर्रे बुड़गहन, द्वितीय सोनाक्षी रात्रे पंतोरा, तृतीय मोनिका सोनवानी कोरबी एवं भूमिका राठौर सिवनी, हाईस्कूल हायर सेकंडरी स्तर पर प्रथम बी कार्तिक राव बुड़गहन, द्वितीय उदय सिंह रसौंटा, तृतीय कुसुम देवांगन पंतोरा रहीं।कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष शारदा सनत देवांगन, मंडल अध्यक्ष नीलेश गुप्ता, बीईओ रवि कुमार गौतम, बीआरसी अर्जुन सिंह क्षत्रिय ने संबोधित कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। संचालन शैक्षिक समन्वयक अशोक तिवारी ने किया। इस अवसर पर रमाकांत यादव, राधेश्याम शर्मा, श्रद्धा तिवारी, प्राचार्य शेष कुमार दुबे, मधुसूदन प्रताप सिंह, रीता प्रधान, बालचंद भारती सहित समस्त शैक्षिक समन्वयक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहे।

उपनिषद ज्ञानामृत : भगवान बुद्धि का नहीं, शरणागति का विषय : रासेश्वरी देवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

हाई स्कूल ग्राउंड जांजगीर में आयोजित उपनिषद ज्ञानामृत' दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के सातवें दिन जगद्गुरु कृपालु महाराज की प्रमुख प्रचारिका, रासेश्वरी देवी ने भगवान के अलौकिक स्वरूप, सनातन वैदिक धर्म की प्राचीनता एवं सार्वजनिकता तथा ईश्वर प्राप्ति के एकमात्र उपाय- भगवत कृपा व 'शरणागति' के रहस्य बताए।

बुद्धि की सीमा और भगवान का अलौकिक स्वरूप को स्पष्ट किया कि विश्व में केवल भारत और यूनान ही ऐसे देश थे, जिन्होंने पशुवत जीवन से ऊपर उठकर आत्मा की खोज की। जहाँ यूनानी दार्शनिकों ने अपनी 'बुद्धि' से आत्मा व परमात्मा को जानना चाहा, वहीं सनातन वैदिक धर्म ने यह स्पष्ट किया कि



भगवान का ज्ञान (वेद) मनुष्य की बुद्धि की उपज नहीं है, बल्कि भगवान द्वारा जीवों के मार्गदर्शन के लिए सृष्टि के प्रारंभ में ही प्रकट किया गया है। उन्होंने बताया कि भगवान विरोधी धर्मों के अधिष्ठान हैं। वे अजन्मा होकर भी अवतार लेते हैं, निराकार होकर भी साकार हैं और सर्वतंत्र-स्वतंत्र होकर भी भक्तों के अधीन हो जाते हैं। ऐसे असीम परमात्मा को अपनी सीमित बुद्धि या तर्क से कभी नहीं समझा जा सकता। भगवत कृपा श्रोताओं के संशय को दूर करते हुए उन्होंने बताया कि भगवान को केवल शास्त्रों के कोरे ज्ञान या तीक्ष्ण मेधा (बुद्धि) से नहीं, बल्कि केवल उनकी 'इच्छा' और 'कृपा' से ही जाना जा सकता है। वे साधन-साध्य नहीं हैं, कृपा-साध्य हैं। जगद्गुरु रामानुजाचार्य के कथन के आधार पर उन्होंने बताया कि मनुष्य की कुटिलता, कपट और भक्ति का दिखावा शरणागति में तीन बड़ी बाधाएं हैं। जो लोग यह कहकर टाल देते हैं कि जब भगवान की इच्छा होगी तब भक्ति कर लेंगे (भगवत तुष्टि) या जब समय आएगा तब करेंगे (काल तुष्टि), केवल वाणी से समर्पण और भाग्य के भरोसे बैठे रहनेवाले वास्तव में स्वयं को धोखा दे रहे हैं। रासेश्वरी देवी ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण बात कही कि क्रिया करने के पीछे जो उद्देश्य है, वह सही होना चाहिए, रावण की तरह नहीं।

रावण ने अपने दसों शीष भगवान शंकर को अर्पित कर दिए क्योंकि वह चाहता था कि उसकी सारी इच्छाएँ पूर्ण हो जाएँ और वह अमर हो जाए। आयोजकों ने बताया कि यह प्रवचन श्रृंखला 08 अक्टूबर तक प्रतिदिन शाम 6:30 से 8:30 बजे तक अनवरत चलती रहेगी

एपीएम पर कार्रवाई की मांग, नगर कांग्रेस महामंत्री ने सीएमओ को सौंपा पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर कांग्रेस कमेटी अकलतरा के महामंत्री एवं लिखमनिया व्यापारी संघ के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने नगर पालिका के एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर (एपीएम) रोहित सिंह के खिलाफ मुख्य नगर पालिका अधिकारी को पत्र सौंपकर मामले में उचित कार्रवाई किए जाने का आग्रह किया है। सीएमओ को दिए गए पत्र में मनोज अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि उन्होंने एपीएम रोहित सिंह के संबंध में संबंधित विभाग में शिकायत की थी।

- मामले में निर्देश जारी करने के बाद भी कार्रवाई नहीं

पत्र के अनुसार, शिकायत के बाद रायपुर स्थित संबंधित विभाग द्वारा मामले में निर्देश भी जारी किए गए, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई है। अग्रवाल ने पत्र में रोहित सिंह पर कथित रूप से दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि संबंधित अधिकारी के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई होने से उन्हें न्याय मिल सकेगा।उन्होंने नगर पालिका प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल उचित कार्रवाई करने का आग्रह किया है। पत्र की प्रति संबंधित अधिकारियों को भी भेजे जाने की जानकारी दी गई है। दुर्व्यवहार किए जाने का आरोप लगाते हुए मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की है।

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 23. 0 डिग्री

हरिभूमि
जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 2 अक्टूबर 2026

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा |जैजैपुर| डभरा | सक्ती

रेल महाप्रबंधक ने चाम्पा स्टेशन में अमृत भारत मिशन के विकास कार्यों का लिया जायजा 4



खबर संक्षेप

मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में स्वास्थ्य विभाग की दबिश, आयुष्मान कार्ड और दस्तावेजों की जांच

जांजगीर-चाम्पा। जिला मुख्यालय जांजगीर में संचालित मल्टी स्पेशलिस्ट अस्पताल में गुरुवार 1 अक्टूबर को स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने दबिश दी। टीम के अचानक अस्पताल पहुंचने से हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने अस्पताल के दस्तावेजों की जांच के साथ ही आयुष्मान कार्ड के उपयोग को लेकर विस्तृत जानकारी ली।जांच के दौरान टीम ने अस्पताल की साफ सफाई व्यवस्था, भर्ती मरीजों की स्थिति, कार्यरत स्टाफ की संख्या और उनके आने जाने के समय, लिफ्ट की व्यवस्था और गंभीर मरीजों के उपचार की सुविधाओं को लेकर पड़ताल की। अधिकारियों ने आयुष्मान कार्ड के माध्यम से गरीब और मध्यम वर्ग के मरीजों को समुचित उपचार मिल रहा है या नहीं, इस बिंदु पर विशेष रूप से पूछताछ की। अस्पताल प्रबंधन से कई बिंदुओं पर जानकारी ली गई। अधिकारियों ने बताया कि जिले में दर्जनों निजी अस्पताल संचालित हो रहे हैं, जिनमें कई जगह सुविधाओं की कमी की शिकायतें मिल रही हैं। अस्पतालों की व्यवस्था को दुरुस्त करने के उद्देश्य से यह जांच की गई है। आने वाले समय में भी निजी अस्पतालों में इसी तरह की जांच कार्रवाई जारी रहेगी ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। इस संबंध में सीएमएचओ अनिता श्रीवास्तव का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा जांजगीर स्थित मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल की जांच की गई है। रिपोर्ट आने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों का हवाला देकर जस्टिस की सिंगल बेंच ने सुनाया फैसला

लच्छी बंध तालाब पाटने व अवैध निर्माण पर हाईकोर्ट सख्त, दो माह में जांच व कार्रवाई के निर्देश





चांपा का वही लच्छीबंध तालाब जिसे पाटकर निर्माण कार्य करने का मामला आया सामने।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

चांपा के लच्छी बंध तालाब को पाटने और व्यावसायिक दुकान निर्माण कार्य करने के प्रयास को लेकर एक बड़ा और कड़ा आदेश उच्च न्यायालय ने जारी किया है। जिसके मुताबिक कलेक्टर को निर्देश दिए हैं कि वे पूरे मामले की विधिवत जांच करें। यदि याचिकाकर्ताओं के आरोप सही पाए जाते हैं, तो सभी पक्षों को सुनवाई का मौका देते हुए कानून के तहत तत्काल उचित कार्रवाई की जाए। इसके लिए दो माह का समय भी निर्धारित किया गया है।

याचिकाकर्ता चांपा थाना पारा निवासी रवीन्द्र कुमार मासुलकर और चौपाटी निवासी विवेक शर्मा ने के अधिवक्ता अमित कुमार ने बताया कि चांपा में स्थित खसरा नंबर 811 , 812 की जमीन राजस्व रिकॉर्ड 'वाजिब-उल-अर्ज' में तालाब और छोटे तालाब (डबरी) के रूप में दर्ज है। इस तालाब को एक स्थानीय द्वारा पाटकर निर्माण कार्य करने का प्रयास किया जा रहा था। याचिकाकर्ताओं ने इसकी शिकायत पहले जिला कलेक्टर से की थी, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर उन्हें न्यायालय की शरण लेनी पड़ी।सुनवाई के दौरान राज्य शासन और प्रतिवादी पक्ष के वकीलों की दलीलें सुनने के बाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि जल निकायों और तालाबों का संरक्षण सबसे पहली प्राथमिकता है। न्यायालय ने उच्चतम न्यायालय के प्रसिद्ध फैसले 'जितेंद्र सिंह बनाम पर्यावरण मंत्रालय और अन्य (2020)' तथा नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के जल संरक्षण संबंधी कड़े दिशा-निर्देशों का हवाला दिया। कोर्ट ने कहा कि दर्ज उद्देश्य (तालाब) के अलावा इस जमीन का इस्तेमाल किसी अन्य काम के लिए कानूनन नहीं किया जा सकता। हाईकोर्ट ने याचिका का निपटारा करते हुए याचिकाकर्ताओं को निर्देश दिया है कि वे आदेश की कॉपी मिलने के 10 दिनों के भीतर कलेक्टर जांजगीर-चांपा के समक्ष एक विस्तृत आवेदन और सभी आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। आवेदन प्राप्त होने के बाद कलेक्टर को अगले 60 दिनों के भीतर मामले की निष्पक्ष जांच कर, सभी पक्षों को सुनकर एक तर्कपूर्ण आदेश पारित करना होगा। कोर्ट के इस आदेश के बाद नगर में सरकारी जमीनों और तालाबों पर नजर गड़ाए भू-माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों का दिया हवाला

लच्छीबंध तालाब को पाटकर निर्माण करने के संबंध में दायर याचिका की सुनवाई करते हुए उच्च न्यायालय के जस्टिस अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की एकल पीठ में सुप्रीम कोर्ट और एनजीटी के आदेशों का हवाला देते हुए अपना फैसला सुनाया। जिसके आधार पर दर्ज उद्देश्य (तालाब) के अलावा उक्त भूमि का उपयोग अन्य कार्यो में नहीं किया जा सकता।

सेवा संकल्प अभियान: वडनगर से निकली सेवा यात्रा पहुंची जांजगीर

प्रभारी मंत्री ने बाइक यात्रियों का स्वागत कर किया युवाओं से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन से गुजरात के वडनगर से निकली 'सेवा संकल्प यात्रा' 1 अक्टूबर को जांजगीर पहुंची। यात्रा के जांजगीर आगमन पर जिले के प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी सहित जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने बाइक यात्रियों का स्वागत किया। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री चौधरी ने बाइक रैली में सहभागिता कर युवाओं का उत्साहवर्धन किया तथा युवा संवाद कार्यक्रम में युवाओं से रूबरू हुए।

युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष केवल वर्षों का आंकड़ा नहीं, बल्कि जनसेवा, राष्ट्रसेवा और भारत के विकास के संकल्प की यात्रा है। उन्होंने वडनगर से वाराणसी तक सेवा यात्रा कर रहे युवाओं का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरुआत से ही राष्ट्रहित और जनसेवा को प्राथमिकता दी। गुजरात के मुख्यमंत्री से लेकर देश के प्रधानमंत्री तक की उनकी सार्वजनिक जीवन की यात्रा जनसेवा के प्रति समर्पण की यात्रा रही है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने राजनीति और सार्वजनिक जीवन में प्रतिभाशाली एवं समाज के लिए योगदान देने की क्षमता रखने वाले लोगों को आगे आने के अवसर प्रदान किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का संकल्प लिया गया है। छत्तीसगढ़ को भी विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। युवाओं की ऊर्जा, प्रतिभा और नवाचार इस विकास यात्रा को नई गति दे सकते हैं। विकास के साथ अपनी संस्कृति और विरासत को आगे बढ़ाना भी हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने युवाओं से सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी और राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सेवा और समर्पण की भावना के साथ प्रत्येक व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए और विकसित भारत के संकल्प से जुड़कर देश के विकास में योगदान दे। युवा संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि देश, प्रदेश सहित पूरे जिले में 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा भावना को सेवा संकल्प अभियान के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से सेवा, समर्पण और जनभागीदारी की भावना को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल,विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, महापौर नगर पालिका धमतरी रामू रोहरा, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजी सत्यलता आनंद मिरी, जिला पंचायत सदस्य राजकुमार साहू, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती प्रियंका पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, रामदेव कुमावत, गुलाब सिंह चंदेल, अमर सुल्तानिया, पुष्पेन्द्र प्रताप सिंह, रवि पांडेय, श्रीमती नंदिनी राजवाड़े, श्रीमती संतोषी सिंह, विकास शर्मा, हितेश यादव सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।



खबर संक्षेप

सिलादेही में पोषण अभियान के तहत अंगना मिलन सेवा कार्यक्रम



बिर्रा। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना बम्हनीडीह के अंतर्गत संचालित पोषण अभियान के तहत ग्राम सिलादेही के भाठापारा में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 509 में अंगना मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण और समग्र विकास को लेकर जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। कार्यक्रम के दौरान माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, समय पर टीकाकरण, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, स्वच्छता तथा कुपोषण की रोकथाम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही शिशु एवं मातृ स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के लिए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और सेवाओं की जानकारी भी साझा की गई। मितानिन सुरसरी वैष्णव ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण सुझाव देते हुए गर्भावस्था के दौरान नियमित जांच एवं पोषणयुक्त आहार के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में कुपोषण मुक्त समाज के निर्माण, मातृ-शिशु स्वास्थ्य संवर्धन तथा पोषण संबंधी जागरूकता को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। इस कार्यक्रम में श्रीमती मानकी बाई, अमिता साहू, अमोल बाई एवं निर्मला साहू उपस्थित रहीं। आयोजन को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, उत्तरा वैष्णव, अनीता साहू, शांता साहू, गंगा साहू, पूर्णिमा जायसवाल एवं ललिता श्रीवास आदि के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, हितग्राही एवं बच्चे उपस्थित थे।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर बिर्रा में विशाल रक्तदान शिविर आज

बिर्रा। जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत ग्राम पंचायत बिर्रा के चंडी मंदिर प्रांगण में 2 अक्टूबर दिन शुक्रवार को देश भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जयंती के उपलक्ष्य में सुबह 9 बजे से रामलीला मंडली मोहल्ला युवा समिति एवं संकट मोचन ब्लड बैंक शिवरीनारायण के संयुक्त तत्वाधान में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। इस संबंध में मनोज कुमार तिवारी सेवानिवृत्त व्याख्याता एवं समाज सेवक ने बताया कि विशाल रक्तदान शिविर 2 अक्टूबर दिन शुक्रवार को मां चंडी देवी प्रांगण के सामने में सुबह 9 बजे से रखा गया है। रामलीला मंडली मोहल्ला युवा समिति बिर्रा के युवाओं के द्वारा जीते जीते रक्तदान और जाते-जाते नेत्रदान के वाक्य को चरितार्थ कर रहे है। इस विशाल रक्तदान शिविर में रक्तदाताओं के लिए विशेष उपहार की व्यवस्था रामलीला मंडली मोहल्ला युवा समिति बिर्रा के द्वारा किया गया है। जिसकी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई है।

सिद्ध मनका दाई मंदिर में 11 से 19 तक देवी भागवत महापुराण यज्ञ

जांजगीर-चांपा। सिद्ध श्री मनका दाई मंदिर में 11 से 19 अक्टूबर तक शारदीय नवरात्रि महोत्सव और देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञबनारी। ग्राम बनारी स्थित सिद्ध श्री मनका दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव 2026 एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक होगा। मंदिर के नवनिर्माण के पश्चात यह पहली नवरात्रि है, जिस पर मनोकामना ज्योति कलश स्थापित किए जाएंगे। जांजगीर से पश्चिम दिशा में तीन किलोमीटर दूर स्थित यह ऐतिहासिक मंदिर अंचल की पुरातात्विक धरोहर के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शक्ति एवं भक्ति की जननी माँ मनका दाई विराजित हैं। मनका दाई सेवा समिति बनारी के अनुसार कथा का समय प्रतिदिन दोपहर तीन बजे से माता कृपा तक रहेगा। कथा व्यास डॉ. मनोज पाण्डेय (भागवताचार्य) सिरसा-दुर्ग रहेंगे। नौ दिवसीय आयोजन का शुभारंभ 11 अक्टूबर रविवार को कलश यात्रा, वेदी पूजन, ज्योति कलश स्थापना एवं महात्म्य कथा के साथ होगा। इसके बाद 12 अक्टूबर को हैग्रीव अवतार और मधुकैटभ कथा, 13 अक्टूबर को व्यास-शुकदेव जन्म और परीक्षित कथा, 14 अक्टूबर को श्रीराम चरित्र, नवरात्र विधि और नर-नारायण चरित्र, 15 अक्टूबर को श्रीकृष्ण चरित्र एवं महिषासुर कथा, 16 अक्टूबर को शुभ-निशुंभ, रक्त बीज और वृत्तासुर कथा, 17 अक्टूबर को नारद कथा, हरिशचंद्र कथा और देवी गीता, 18 अक्टूबर को गंगा, तुलसी स्वाहा, स्वधा आदि देवियों की कथा और चढ़ोत्री के साथ कथा विश्राम होगा। 19 अक्टूबर सोमवार को हवन, तर्पण, पूर्णाहुति, सहस्त्रधारा एवं भण्डारा प्रसाद के साथ महोत्सव का समापन होगा। समिति ने सभी श्रद्धालुओं को आमंत्रित किया है। जांजगीर से पश्चिम दिशा में तीन किलोमीटर दूर स्थित यह ऐतिहासिक मंदिर अंचल की पुरातात्विक धरोहर के रूप में प्रसिद्ध है, जहां शक्ति एवं भक्ति की जननी माँ मनका दाई विराजित हैं। ग्राम बनारी स्थित सिद्ध श्री मनका दाई मंदिर में शारदीय नवरात्रि महोत्सव 2026 एवं श्रीमद् देवी भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का आयोजन 11 से 19 अक्टूबर तक होगा।

निधन

सजीवन सिह

जांजगीर-चांपा। ग्राम पंचायत जगमहंत के प्रतिष्ठित नागरिक सजीवन सिह का शुक्रवार 25 सितंबर को निधन हो गया वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर चले गए उनका अंतिम संस्कार गांव के स्थानीय मुक्ति धाम में किया गया इस दौरान परिजन सहित गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जगह जगह हुए कार्यक्रम, आमगांव में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

समाज के मार्गदर्शक व अमूल्य धरोहर होते है हमारे बुजुर्ग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को कमला हरि एवेन्यू सक्ती में जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की थीम "वृद्धजनों का सम्मान, हमारी पहचान" रखी गई। कार्यक्रम में नगर पालिका परिषद सक्ती अध्यक्ष श्याम सुंदर अग्रवाल ने वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान एवं संवेदनशीलता व्यक्त करते हुए कहा कि वृद्धजन हमारे समाज और परिवार की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, मार्गदर्शन एवं योगदान से नई पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती है। उन्होंने वृद्धजनों के सम्मान, सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं गरिमापूर्ण जीवन के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। जिला पंचायत सीईओ वासु जैन ने कहा कि बुजुर्ग माता-पिता की सुरक्षा सामाजिक जिम्मेदारी है। परिवार और समाज को मिलकर वरिष्ठजनों के सम्मान एवं गरिमापूर्ण जीवन के लिए सकारात्मक वातावरण तैयार करना चाहिए। कार्यक्रम में उपस्थित



वरिष्ठजनों का सम्मान करते अतिथि।

वरिष्ठजनों व हितग्राहियों को ट्राईसाइकिल, स्टिक एवं श्रवण यंत्र वितरित किए गए। वहीं स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग के चिकित्सकों ने वरिष्ठजनों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी वितरित किया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल, जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।



आमगांव में वरिष्ठजनों का सम्मान करते अतिथि।

अनुभव व ज्ञान का भंडार हैं वरिष्ठजन



चांपा। भारतीय कुष्ठ निवारण संघ कात्रेनगर सोठी (चांपा) आश्रम में अंतर्राष्ट्रीय वरिष्ठ जन दिवस के अवसर पर विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती नम्रता नोरगे ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाएं योजना 2016 की जानकारी देते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक अपने बच्चों ,आश्रितों, से भरण पोषण पाने का अधिकार है जिसमें दादा दादी, नाना नानी भी शामिल हैं जिनकी पुत्र पुत्री नहीं है वे भी अपने मृत्यु के पश्चात उनकी जमीन जायजाद कि होने वाले वारिस से भी भरण पोषण प्राप्त कर सकते हैं यदि कोई भी भरण पोषण नहीं देते हैं और वरिष्ठ नागरिक का परित्याग करता है एक अपराध है जिसके लिए उन्हें तीन माह सजा या 5000 हजार रुपये की जुर्माना या दोनों हो सकता है। कार्यक्रम में पैरालीगल वालेंटियर सहदेव दास महंत, रमेश कुमार दिवाकर, सुश्री मंजू देवांगन, घनाराम कश्यप, सुधीर देव सचिव भारतीय कुष्ठ निवारण संघ कात्रेनगर चांपा सोठी आश्रम दीपक कुमार कहरा, लोमस साहू, सुश्री नुपूर दवे, भैरव साहू आरक्षक शिव मधुकर उपस्थित रहे।

अकलतरा में विधिक जागरूकता व स्वास्थ्य शिविर



अकलतरा। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति अकलतरा एवं स्वास्थ्य विभाग अकलतरा के संयुक्त तत्वाधान में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बीएमओ डॉक्टर महेंद्र कुमार सोनी, ने अंतराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस मनाने के विषय पर जानकारी दी। पीएलव्ही गजानंद प्रसाद कश्यप ने वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 की थीम दीर्घायु का युग, दीर्घायु के लिए प्रणालियों पर पुनर्विचार विषय पर जानकारी देने के साथ-साथ निःशुल्क कानूनी सहायता, माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिकों के भरण पोषण एवं कल्याण अधिनियम 2007, वृद्धावस्था पेंशन योजना, नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100, वसीयत एवं संपत्ति संबंधी अधिकारों की विस्तार से जानकारी दी। पीएलव्ही डालेश्वर प्रसाद पटेल ने नेशनल लोक अदालत एवं विशेष लोक अदालत के बारे में बताया। डॉ. मधुलिका संजय श्रीवास ने वरिष्ठजनों के लिए स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं कि विस्तार से जानकारी दी। डॉ स्वप्निल दुबे के द्वारा वरिष्ठजनों का सम्मान किया गया। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर दवा वितरण किया गया। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों के लिए आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत कार्ड भी बनाए। इस अवसर पर डॉ दयामणि साहू एमडी , डॉ मंजू राठौर , अनीता ज्योति , गिरजा बंजारे एएनएम , नीता सिंह चंदेल , शशि दास ,सूरज पांडे , नितेश कौशिक , अनीता साहू सहित स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रही।

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिला स्तरीय वृद्धजन सम्मान समारोह एवं स्वास्थ्य शिविर आयोजित

जांजगीर-जैजैपुर। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत आमगांव में विधिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जैजैपुर न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं तालुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष राजेश खलखो ने कहा कि बुजुर्ग समाज की अमूल्य धरोहर और मार्गदर्शक हैं। उनके अनुभव और संस्कारों से युवा पीढ़ी को दिशा मिलती है। वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सामाजिक सम्मान को बनाए रखना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिकों के भरण-पोषण तथा कल्याण अधिनियम 2007 और अनुविभागीय अधिकारी कमेटी सहित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी।अधिकार मित्र लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल ने बताया कि नालसा (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा) योजना 2016 की जानकारी दी। अधिकार मित्र भगवती भारद्वाज ने कहा कि जो बुजुर्ग कार्यालय आने में असमर्थ हैं, उन्हें पैरा-लीगल वालंटियर्स और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण घर-घर जाकर शिविरों के माध्यम से सहायता पहुंचाते हैं। इस दौरान स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया, जहां डॉ. संजीव कुमार अहिरवार, डॉ. प्रतिभा अहिरवार, फार्मासिस्ट रामायण प्रसाद चौहान और राजेंद्र पलंगे ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उपचार किया।

नन्हे-मुन्नों के संग भाजपा पदाधिकारियों ने बांटी खुशियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सेवा संकल्प अभियान के तहत ग्राम सरखों के आंगनबाड़ी केंद्र 8 एवं केंद्र 9में भाजपा जिला पदाधिकारियों ने सेवा, संवेदना और अपनत्व की मिसाल पेश की। पदाधिकारियों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के साथ समय बिताते हुए उनकी खुशियों में सहभागी बने तथा बच्चों की शिक्षा, पोषण, खेल-कूद एवं सर्वांगीण विकास से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी ली।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने डांस प्रतियोगिता एवं फैंसी रेस में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों के उत्साह और प्रतिभा ने पूरे वातावरण को आनंदमय बना दिया। भाजपा पदाधिकारियों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके साथ घुल-मिलकर खुशियां साझा कीं बच्चों को खिलौना का वितरण किया गया।इस अवसर पर आंगनबाड़ी परिसर में सामूहिक भोज का आयोजन किया गया, जिसमें भाजपा पदाधिकारियों ने बच्चों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के साथ बैठकर भोजन किया।

सेवा संकल्प अभियान इसी भावना को समाज के बीच मजबूत करने का माध्यम है। नन्हे बच्चों के साथ बिताए गए आत्मीय पल इस अभियान की संवेदनशीलता और मानवीय सरोकार को प्रदर्शित करते हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती संतोषी दुबे, जिला मंत्री भारतीय जनता पार्टी, मुख्य वक्ता राकेश रूपवानी, श्रीमती उमा सोनी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य एवं मेघा यादव उपस्थित रहे। इस दौरान ग्राम सरपंच श्रीमती प्रीति बल्लू राठौर, जनपद सदस्य श्रीमती पूर्णिमा सिंह कंवर, पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रीति देवी सिंह, पर्यवेक्षक श्रीमती शिप्रा साहू सहित पंचायत पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

पैरालिगल वालंटियर द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को भरण पोषण अधिनियम के बारे में दी जानकारी

मालखरौदा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस 11 अक्टूबर को र सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया। जनपद पंचायत मालखरौदा के अंतर्गत ग्राम पंचायत मालखरौदा मे 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत की 18 महिला एवं 16 पुरुष वरिष्ठ नागरिकों को जिला भाजपा उपाअध्यक्ष रंजीत अजगल्ले द्वारा श्रीफल तिलक लगाकर स्वागत किया गया साथ ही सभी को साल भी भेंट किया गया, इस अवसर पर पैरा लीगल वालंटियर शांतिपूर्ण द्वारा वरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण अधिनियम 2007 के संबंध में सभी को जानकारी दिया गया इस अवसर पर गांव के सरपंच सावित्री अजगल्ले तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पंचगण उपस्थित थे।



सेवा मेरा योगदान के तहत जिले में विविध गतिविधियों का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण



वार्ड क्रमांक 5 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत पोषण आहार एवं मातृ-शिशु स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के पोषण आहार को आकर्षक एवं सुव्यवस्थित ढंग से सजाकर उनकी गुणवत्ता और उपयोगिता की जानकारी दी।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा महिला मोर्चा की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती द्रोपती केसरवानी उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथियों में वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद श्रीमती स्नेहलता सोनी,वार्ड क्रमांक 5 की पार्षद श्रीमती सरस्वती सोनी, इशर बाई केंवट,अंजलि केंवट, स्वास्थ्य विभाग से संतोषी वर्मन, सिस्टर एवं भूपेश वैष्णव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं महिलाएं मौजूद रहीं। कार्यक्रम की शुरुआत वार्ड क्रमांक 2 की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मीना पवार द्वारा अतिथियों, माताओं एवं बच्चों के स्वागत-अभिनंदन से की गई। अतिथियों द्वारा गर्भवती माताओं एवं बच्चों का श्रीफल व श्रृंगार सामग्री प्रदान की गई।

टेंपल सिटी में केंवट निषाद समाज की बैठक, निर्विरोध चुने गए दुर्गा



बैठक में शामिल केंवट समाज के पदाधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

धार्मिक नगरी शिवरीनारायण स्थित 24 अवतार केवट मंदिर में केवट निषाद समाज की प्रथम बैठक का आयोजन किया गया। बैठक समाज के निर्विरोध अध्यक्ष दुर्गा लाल केवट की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

बैठक में समाज की एकजुटता, संगठन को मजबूत करने, आपसी सहयोग बढ़ाने तथा सामाजिक गतिविधियों को गति देने सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में महासचिव त्रिपति नाथ कैवर्त्य, कोषाध्यक्ष बंशीलाल केवट, रामलाल कैवर्त्य, राकेश कुमार कैवर्त्य, श्रीमती सरोज कैवर्त्य, विकास कैवर्त्य, डॉ. मनहरण कैवर्त्य, मन्नू माधव केवट अध्यक्ष बारापाली, अर्जुन कैवर्त्य अध्यक्ष चंगोरी, श्यामलाल केवट , जवाहर केवट अध्यक्ष शिवरीनारायण, विनय कैवर्त्य, महेंद्र केवट, सुकलाल केवट, राधे केवट, भीष्म निषाद, कल्याणी, पूनम, सीता, चंद्रानी सहित विभिन्न परिक्षेत्रों के पदाधिकारी एवं समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री वितरित कर शिक्षा के प्रति किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा



छात्रा को सम्मानित करते अतिथि।

विकासखंड स्तरीय सेवा संकल्प अभियान के तहत विकासखंड बम्हनीडीह के अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिर्रा में शिक्षा सहयोग, विद्यादान एवं डिजिटल साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस मौके पर सेवानिवृत्त शिक्षक मनोज तिवारी एवं तोषण तिवारी ने विद्यार्थियों को शिक्षा का महत्व बताते हुए निरंतर अध्ययन और अनुशासन के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में जनपद पंचायत बम्हनीडीह की अध्यक्ष मनीषा चौहान, भाजपा मंडल अध्यक्ष आशीष तिवारी, बिर्रा सरपंच पीलीबाई साहू, बीईओ बसंत चतुर्वेदी, प्राचार्य सीता सूर्यवंशी, संकुल समन्वयक रामकिशोर देवांगन सहित अन्य अतिथियों ने विद्यार्थियों एवं उपस्थित नागरिकों को डिजिटल साक्षरता के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर समाजसेवी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता और व्यापारी मणिलाल कश्यप एवं एकादशिया साहू सरपंच प्रतिनिधि ने एक-एक गरीब एवं असहाय बच्चे को गोद लेकर उनकी संपूर्ण शिक्षा की फीस वहन करने की घोषणा की। कार्यक्रम में आलेख दुबे, गोकुल जायसवाल, सोनू जायसवाल, संतोष कश्यप, देवचंद यादव, तारकेश्वर कलार, एकादशिया साहू, नर्मदा प्रसाद पटेल, रूपचंद साहू, फिरतूराम पटेल, कीर्तनलाल कश्यप, फागूलाल साहू सहित बड़ी संख्या में पालकगण, जनभागीदारी समिति के सदस्य, गणमान्य नागरिक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आठ लीटर महुआ शराब के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

मालखरौदा। आबकारी पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से 8 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया है। उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जिला आबकारी अधिकारी के मार्गदर्शन में 1 अक्टूबर को आबकारी वृत्त मालखरौदा में दौरान गश्त मुखबिर द्वारा ग्राम परसी थाना मालखरौदा में सतानंद भारद्वाज पिता कीर्तन लाल उम्र 36 वर्ष के द्वारा अपने रहवासी मकान के कमरे में रखे 2 नग सफेद प्लास्टिक बोतल में भरी 2 लीटर और 1 लीटर एवं पीले रंग की प्लास्टिक जरीकेन में 05 लीटर, कुल मात्रा 8 लीटर महुआ शराब बरामद होने से धारा 34(2) के तहत आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल निरुद्ध किया गया। कार्रवाई में वृत्त मालखरौदा प्रभारी कोमल प्रसाद सिदार सहित स्टाफ का योगदान रहा।

परिवार से वंचित एवं जरूरतमंद बुजुर्गों व बच्चों की खुशियां सर्वोपरि-शर्मा

मानसिक दिव्यांग अनाथ आश्रम में लीनेस क्लब जाज्वल्या ने बांटी सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



वरिष्ठ नागरिकों को सामाग्री का वितरण करते लीनेस पदाधिकारी।

अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस के उपलक्ष्य में सेवा एवं सामाजिक सरोकार की भावना को आगे बढ़ाते हुए लीनेस क्लब जांजगीर जाज्वल्या द्वारा खोखरा स्थित देव सेवा समिति अनाथ आश्रम में दरी, फल एवं मिष्ठान्न वितरण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लीनेस सदस्यों ने आश्रम के वरिष्ठ नागरिकों, बच्चों के साथ समय बिताया तथा उन्हें फल, मिष्ठान्न एवं अन्य खाद्य सामग्री वितरित की।

इस अवसर पर लीनेस क्लब की अध्यक्ष सरिता शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के जरूरतमंद एवं वंचित बुजुर्गों एवं बच्चों के बीच खुशियां बांटना तथा उनमें अपनत्व और सहयोग की भावना विकसित करना था। बैठने के लिए दरी,फल एवं मिष्ठान्न पाकर बच्चों के चेहरे पर खुशी देखते ही बनी। इस अवसर पर उपस्थित सचिव जूही गौरहा ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनके अनुभव, संस्कार और मार्गदर्शन से समाज को नई दिशा मिलती है। कोषाध्यक्ष नामिषा थवाईत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हमें बुजुर्गों के सम्मान, सेवा और उनके प्रति संवेदनशीलता का संदेश देता है। इसी भावना के साथ जरूरतमंद बच्चों के बीच सेवा कार्य किया गया। कार्यक्रम में संस्था के पदाधिकारी अध्यक्ष सरिता शर्मा,सचिव जूही गौरहा,कोषाध्यक्ष नामिशा थवाईत, उपाध्यक्ष कल्पना केशरवानी, लीनेस मधु शर्मा एवं संचालक अगम बर्मन,अधीक्षक प्रवीण कुमार,चौकीदार अमन यादव उपस्थित रहे। अंतरराष्ट्रीय वरिष्ठ नागरिक दिवस हमें बुजुर्गों के सम्मान, सेवा और उनके प्रति संवेदनशीलता का संदेश देता है। सभी ने भविष्य में भी इसी प्रकार के सेवा एवं जनकल्याणकारी कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प लिया।

